श्रीलंका में भारतीय शान्ति सेनाएं - राजीव - जयवर्द्धने समझौते के अन्तर्गत भारतीय शान्ति सेनाएँ श्रीलंका भेजी गयीं।

नवभारत टाइम्स के सम्पादक राजेन्द्र माथुर के अनुसार, "श्रीलंका की किस्मत संवारने के लिए जैसा रचनात्मक दखल भारत ने किया

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

वैसा 1947 के बाद भारत ने इस उपमहाद्वीप में और कहीं नहीं किया।

जनवरी 1989 से भारतीय शान्ति सेना की वापसी श्रीलंका से शुरू हो गयी, मार्च 1990 तक शान्ति सेना की सभी टुकड़िया भारत लौट आयी।

एल. टी. टी. ई. (Liberation Tiger of Tamil Elam)
(L.T.T.E)
(TULF) तमिल युनाइटेड लिबरेशन फ्रंट
(PLOTE) पीपुल्स लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ तमिल ईलम

नार्वे की मध्यस्थता से श्रीलंका सरकार व तमिल विद्रोहियों के संगठन 'लिट्टे' के मध्य एक अनिश्चितकालीन युद्ध विराम समझौता 23 फरवरी, 2002 से प्रभावी हो गया।

भारत श्रीलंकाई नौसेना के युद्धपोत सयुरा को रिफिट करने पर भी सहमत हुआ।

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

भारत बांग्लादेश सम्बन्ध - 1955 मे पाकिस्तान सरकार ने पूर्वी बंगाल का नाम बदलकर पूर्वी पाकिस्तान कर दिया। पकिस्तान द्वारा पूर्वी पाकिस्तान की उपेक्षा और दमन की शुरुआत यहीं से हो गई। पाकिस्तानी शासक याह्या खाँ द्वारा लोकप्रिय अवामी लीग और उनके नेताओं को प्रताड़ित किया जाने लगा, जिसके फलस्वरूप बंगबंधु शेख मुजीबुररहमान की अगुआई में बांग्लादेश का स्वाधीनता आन्दोलन शुरू हुआ। 1971 के खूनी संघर्ष में दस लाख से ज्यादा बांग्लादेशी शरणार्थी को पड़ोसी देश भारत में शरण लेनी पड़ी

भारत को बांग्लादेश के अनुरोध पर इस समस्या मे हस्तक्षेप करना पड़ा जिसके फलस्वरूप 1971 का भारत पाकिस्तान युद्ध शुरू हुआ। बांग्लादेश में मुक्ति वाहिनी सेना का गठन हुआ। जिसके ज्यादातर सदस्य बांग्लादेश का बौद्धिक वर्ग और छात्र समुदाय था, इन्हे पाकिस्तानी सेना ने अंततः 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, लगभग 93,000 युद्ध बन्दी बनाये गये।

बांग्लादेश एक आजाद मुल्क बना और मुजीबुर्र रहमान इसके प्रथम प्रधानमंत्री बने।

(1) 1947 - भारत के विभाजन के बाद बंगाल से कटकर पूर्वी पाकिस्तान बना।

(2) 1949 - अवामी लीग की स्थापना हुई जिसका उद्देश्य पूर्वी पाकिस्तान को स्वायत्तता दिलाना था।

(3) 1966 - छः बिन्दु आन्दोलन की घोषणा।

(4) 1970 - शेख मुजीब के नेतृत्व में अवामी लीग ने चुनाव में भारी बहुमत हासिल किया, पाकिस्तान की सरकार ने इन परिणामो को मानने से इनकार कर दिया।

(5) 1971 - शेख मुजीब और अवामी लीग ने 26 मार्च को स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी। नए देश का नाम बांग्लादेश रखा गया।

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

→ (6) 1972 – शेख मुजीब प्रधानमन्त्री बने, उन्होंने उद्योगो के राष्ट्रीयकरण का अभियान चलाया लेकिन ज्यादा कामयाबी नहीं मिली।

→ (7) 1974 – देश में भीषण बाढ़ से पूरी फसल तबाह 28,000 लोग की मौत, देश मे आपात स्थिति, राजनीतिक गड़बड़ियो की शुरुआत।

→ (8) 1975 – शेख मुजीब बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने। अगस्त में हुए सैनिक तख्ता पलट के बाद उनकी हत्या कर दी गई, देश में सैनिक शासन लागू हो गया।

→ (9) 1976 – सैनिक शासन ने ट्रेड यूनियनो पर प्रतिबंध लगाया।

→ (10) 1977 – जनरल जिया-उर-रहमान राष्ट्रपति बने। इस्लाम को संविधानिक मान्यता दी गई।

→ (11) 1979 – देश मे चुनाव हुए और सैनिक शासन समाप्त हुआ। जनरल जिया-उर-रहमान की बांग्लादेश नेशनल पार्टी ने बहुमत हासिल किया

→ (12) ~~1982~~ 1982 – जनरल जिया तख्ता ~~पर~~ पलट के बाद जनरल एरशाद सत्ता में आए, संविधान और राजनीतिक दलो की वैधता समाप्त की गई।

→ (13) ~~1981~~ 1981 –

→ (12) 1981 – जनरल जिया तख्ता पलट कि बाद कोशिश में मारे गए अब्दुल सतार राष्ट्रपति बने।

→ (13) 1982 – एक और तख्ता पलट के बाद जनरल एरशाद सत्ता में आए। संविधान और राजनीतिक दलो की वैधता समाप्त की गई।

→ (14) 1983 – सभी स्कूलो में अरबी और कुरान की पढ़ाई के जनरल एरशाद के फैसले के खिलाफ आन्दोलन शुरू हुए, सीमित राजनीतिक गतिविधियो की अनुमति दी गई। एरशाद राष्ट्रपति बने।

1987 – विपक्ष की हड़ताल के बाद देश में इमरजेंसी लगाई गई।
1988 – एक-तिहाई देश पानी में डूबा, लाखों लोग बेघर हुए।
1990 – भारी जन-विरोध के बाद एरशाद पद से हटे।
1991 – भ्रष्टाचार के आरोप में एरशाद जेल भेजे गए। जनरल जिया उर-रहमान की विधवा खालिदा जिया प्रधानमन्त्री बनी। संविधान में परिवर्तन करके राष्ट्रपति के अधिकार सीमित कर दिए गए। चक्रवाती तूफान ने लगभग डेढ़ लाख लोगों की जान ली।
1996 – अवामी लीग सत्ता में लौटी, शेख हसीना प्रधानमन्त्री बनी। देश में हड़तालों का दौर शुरू हुआ।
1998 – बाढ़ ने पूरे देश में तबाही मचाई. 1975 के मुजीब हत्याकाण्ड के लिए जिम्मेदार 15 पूर्व सैनिक अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई।
2001 – आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग हार गई और धार्मिक दलों के समर्थन के साथ जातीय पार्टी सत्ता में आई और बेगम खालिदा जिया प्रधानमन्त्री बनी।
2008 – भारी बहुमत के बाद शेख हसीना फिर से प्रधानमन्त्री बनी।
2013 – जमात-ए-इस्लामी पार्टी के नेता अब्दुल कादर मुल्ला को 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान किए गए युद्ध-अपराधों के लिए फांसी दी गई।

भूतपूर्व विदेश मन्त्री धागला – का कहना था कि राजनीतिक, वैधानिक और नैतिकता की दृष्टि से बांग्लादेश को मान्यता देना न्यायोचित है। "बांग्लादेश का उद्भव हमारे अच्छे पड़ोसी की दृष्टि से स्वागत योग्य है।

3 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान ने पठानकोट, अमृतसर, जोधपुर, आगरा और श्रीनगर पर बमबारी कर इस उपमहाद्वीप में युद्ध छेड़ दिया दो सप्ताह बाद घमसान लड़ाई के बाद बांग्लादेश की मुक्तिवाहिनी और भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तान को शस्त्र डालने पड़े। बांग्लादेश आजाद हुआ और शेख मुजीबुर्रहमान रिहा कर दिये गये।
बांग्लादेश का निर्माण भारत-पाक युद्ध के दौरान 16 दिसम्बर, 1971 को हुआ। भारत ही सबसे पहला देश है जिसने 6 दिसम्बर, 1971 को बांग्लादेश को मान्यता दे दी।

Scanned with CamScanner

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

जब 16 दिसम्बर, 1971 को बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना के कमाण्डर जनरल नियाजी ने हथियार डाल दिये तो स्वतन्त्र बांग्लादेश का निर्माण हो गया।
शेख मुजीब ने कहा भारत बांग्लादेश एक असीम भाई-चारे में बंध गये हैं उनका कृतज्ञ राष्ट्र भारत की सहायता भुला नहीं सकेगा"।

(1) 19 मार्च, 1972 को मैत्री सन्धि - शेख मुजीब और श्रीमती गांधी के बीच हुई।
(2) 25 मार्च 1972 को व्यापार समझौता - जिसके अनुसार सीमाओं के दोनों तरफ सोलह - सोलह किलोमीटर तक स्वतन्त्र व्यापार की व्यवस्था थी।
(3) आर्थिक सहायता -
(4) सांस्कृतिक समझौता - 30 सितम्बर, 1972
(5) मई 1974 में बांग्लादेश और भारत के मध्य सीमांकन समझौता - जिसके अनुसार भारत ने दाहाग्राम और अमरकोट का क्षेत्र बांग्लादेश को दे दिया और बांग्लादेश ने बेरूबाड़ी पर भारतीय अधिकार स्वीकार कर लिया।

15 अगस्त 1975 को शेख मुजीब की हत्या कर दी गई. पहले खोंदकर मुश्ताक अहमद और फिर 6 नवम्बर, 1976 को जस्टिस आबू सादात सयाम राष्ट्रपति बने।
30 जनवरी, 1977 को मेजर जनरल-जिया-उर-रहमान ने मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक बनकर सत्ता पर अधिकार कर लिया।
मई 1981 में जिया-उर-रहमान की हत्या कर दी गई
24 मार्च 1982 को राष्ट्रपति अब्दुल सत्तार के असैनिक शासन का तख्ता पलट कर लेफ्टीनेण्ट जनरल एच. एम. इरशाद मुख्य मार्शल लॉ. प्रशासक बन गये।

(6) फरक्का समस्या - बांग्लादेश ने गंगा के पानी के बंटवारे की समस्या (फरक्का विवाद) के लिए दोनों देशों के बीच 26 सितम्बर, 1977 को एक समझौता किया, यह 5 नवम्बर, 1977 से लागू हुआ। यही समझौता फरक्का समझौता कहलाता है। फरक्का समझौता, गंगा के पानी प्राप्ति की समस्या का स्थायी समाधान नहीं था, अतः इसे 1982 के समझौते द्वारा रद्द कर दिया गया।

Scanned with CamScanner

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

बाम्लादेश के राष्ट्रपति जनरल इरशाद ने अक्टूबर 1982 में भारत की यात्रा की और 'स्मरण पत्र' पर हस्ताक्षर किये जिसके अनुसार 1977 के फरक्का समझौते को रद्द कर दिया और संयुक्त नदी आयोग को अगले 18 महीने में गंगा जल के बहाव पर अध्ययन करने को कहा। फरक्का समझौता 1977 में जनता सरकार के काल मे हुआ था।

मुहरी नदी सीमा - विवाद - 1974 के समझौते के अनुसार मुहरी नदी के पानी की मध्य रेखा ही भारत - बाम्लादेश की सीमा रेखा है। त्रिपुरा राज्य के बेलोनिया कस्बे के पास मुहरी नदी के भारतीय तट पर है।

नवमूर द्वीप विवाद - नवमूर द्वीप विवाद बंगाल की खाड़ी मे उभरा एक नया द्वीप है। इसका क्षेत्रफल केवल 12 वर्ग किलोमीटर है। बाम्लादेश इसे 'दक्षिण तलपत्ती' कहता है। और भारत इसे 'पुरबाशा' की संज्ञा देता है अगस्त 1981 मे बाम्लादेश के आठ युद्धपोतो ने इस पर कब्जा करने का विफल प्रयास किया।

चकमा शरणार्थियों की समस्या

एक अन्य समझौते के अन्तर्गत भारत ने बांग्लादेश को भारत के कूच-बिहार में स्थित दाहग्राम और अंगारपोटा के दो अन्तः क्षेत्रों को बांग्लादेश के मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए स्थायी पट्टे पर एक तीन बिघा गलियारा प्रदान कर दिया। यह गलियारा 178x85 मीटर है। इस गलियारे पर भारतीय सम्प्रभुता रहेगी परन्तु भारत बाम्लादेश से जो एक टका किराये के रूप मे लेता था उसे समाप्त कर दिया. एक ऐसा क्षेत्र जो भारतीय क्षेत्र कूचबिहार को शेष भारत से जोड़ता है।

30 जुलाई 1983 को दोनो देशो के मध्य तीस्ता जल समझौता हुआ। इस समझौते के अनुसार भारत और बाम्लादेश सूखे मौसम के दौरान तीस्ता नदी के पानी के तदर्थ आधार पर बंटवारे पर सहमत हो गये

फरक्का में गंगा नदी के जल बटवारे पर भारत व बाम्लादेश के बीच सहमति के समझौते पर 22 नवम्बर, 1985 को नई दिल्ली मे हस्ताक्षर हुए।

Scanned with CamScanner

बांग्लादेश में संसदीय प्रणाली की पुनर्स्थापना सितम्बर 1991 तथा बेगम खालिदा जिया के प्रधानमन्त्री बनने से भारत-बांग्लादेश सम्बन्धों में मधुरता आने के अवसर बढ़ गये।

गंगाजल बंटवारा: ऐतिहासिक सन्धि (दिसम्बर 1996)

त्रिपुरा में लगभग 50 हजार से अधिक चकमा शरणार्थियों की बांग्लादेश वापसी के लिए भारत व बांग्लादेश के मध्य 9 मार्च, 1997 को अगरतला में एक समझौता सम्पन्न हुआ।

जून 1999 — कोलकाता - ढाका बस सेवा प्रारम्भ की गई। → जून 1999 को

कांटेदार बाड़ का मुद्दा — असम समस्या के समाधान और विदेशियों के भारत में गैर-कानूनी तौर पर प्रवेश को रोकने के लिए भारत ने सीमाओं पर 32,000 किलोमीटर पर कांटेदार तार लगाने का निर्णय लिया।

अप्रैल 2001 बांग्लादेश की सेना का भारतीय गांव पर कब्जा और भारतीय जवानों के साथ क्रूर बर्ताव। मेघालय में

भारत और बांग्लादेश की सीमा पर लगभग 111 गलियारे ऐसे हैं जिन पर दोनों देशों का कब्जा तो है, लेकिन इस कब्जे के बारे में विवाद है।

13 जनवरी 2010 को नई दिल्ली में शेख हसीना को शान्ति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए प्रतिष्ठित इन्दिरा गांधी शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

6 सितम्बर 2011 को भारत व बांग्लादेश के वर्षों पुराने सीमा विवाद को हल करते हुए ऐतिहासिक सीमांकन समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में 162 छोटे क्षेत्रों के आदान-प्रदान पर सहमति बनी।

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) तथा पेट्रोबांग्ला ने 17 फरवरी 2014 को बंगाल की खाड़ी में दो उथले जल ब्लॉकों में तेल तथा गैस की खोज और उत्पादन के लिए उत्पादन सम्बन्धी दो साझा करारों पर

Scanned with CamScanner

Date __/__/__
Page ______
STUDY BUDDIES

हस्ताक्षर किए। यह पहली बार है जबकि बांग्लादेश ने भारत सरकार द्वारा संचालित तेल कम्पनी ओवीएल को गैस तथा तेल की खोज के लिए जल ब्लॉक प्रदान किए।

जुलाई 2006 में दोनों देशों के बीच यात्री रेलगाड़ी सेवा प्रारम्भ करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

-IV-AM

भारत चीन सम्बन्ध →

1949 में कोमिन्तांग सरकार के पतन के बाद चीन में साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई।

माओ नीति शक्ति को "बन्दूक की नली" से प्राप्त करती है।

1942 में च्यांग काई शेक ने भारत की यात्रा की थी, जिससे भारत में चीन के जापानी साम्राज्यवाद के विरूद्ध संघर्ष के प्रति सहानुभूति फैल गई।

अक्टूबर 1949 में चीन में साम्यवादी क्रांति का भारत ने स्वागत किया। गैर-साम्यवादी देशों में भारत ही पहला देश था जिसने चीन को राजनयिक मान्यता प्रदान की।

भारत ने कोरियाई युद्ध में चीन का समर्थन किया।

सितम्बर 1949 1950 में सेनफ्रांसिस्को में 49 राष्ट्रों के साथ होने वाली जापानी सन्धि में भारत इसलिए शामिल नहीं हुआ क्योंकि चीन को उसमें शामिल नहीं किया गया था।

29 जून 1954 को दोनों राष्ट्रों के मध्य एक 8 वर्षीय व्यापारिक समझौता हुआ जिसके अन्तर्गत भारत ने तिब्बत से अपने "अतिरिक्त देशीय अधिकारों" को चीन को सौंप दिया। भारत ने तिब्बत में चीन की प्रभुसत्ता को स्वीकार कर लिया।

अप्रैल 1955 - बाण्डुंग सम्मेलन - नेहरू और चाऊ-एन-लाई के साथ रहा।

Scanned with CamScanner

Date __/__/__
Page ____
STUDY BUDDIES

पामर - "साम्यवादी चीन के प्रति नेहरू और उनके सहयोगियों का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से तुष्टिकारी था"।

विन्सेंट शेयब - "चीनियों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध कायम करने का जितना प्रयास नेहरू ने किया, सम्भवतः विश्व में उतना किसी ने भी नहीं किया"।

पंचशील समझौता - 29 अप्रैल, 1954 को भारत-चीन के बीच पंचशील का समझौता हुआ।
भारत व चीन के बीच लगभग 3500 Km. की सीमा रेखा है।
चीन People's Republic of China के नाम से एक साम्यवादी देश बना।

McMahon Line
तब के नेफा (NEFA - North-East Forntier Agency) और आज के अरूणाचल प्रदेश की सीमा जो चीन से लगती है, उसे McMahon Line कहते हैं. जिसे शिमला में ब्रिटिश इंडिया, तिब्बत और चीन ने 1914 में मिलकर तय किया था.

पंचशील शब्द ऐतिहासिक बौद्ध अभिलेखों से लिया गया है, बौद्ध अभिलेखों में भिक्षुओं के व्यवहार को निर्धारित करने के लिए पंचशील नियम मिलते हैं, बौद्ध अभिलेख से ही भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री नेहरू ने पंचशील शब्द को चुना था।

इस समझौते के अन्तर्गत भारत ने तिब्बत को चीन का क्षेत्र स्वीकार कर लिया। भारत को 1904 की Anglo-Tibetan Treaty के तहत तिब्बत के सम्बन्ध में जो अधिकार मिले थे, भारत ने वे सारे अधिकार इस सन्धि के बाद छोड़ दिए।
1957 के सितम्बर महीने में चीन की सरकारी अखबार People's daily में एक खबर छपी की चीन के सिकियांग से तिब्बत तक जाने वाली सड़क पूरी तरह बन चुकी है, यह भारत के लिए बहुत बड़ा झटका था।

सिकियांग से तिब्बत तक जाने वाली सड़क अक्साई चीन से होकर जाती है। यह वही इलाका है जिसे भारत अपना मानता है।

1956 में तिब्बत के खम्पा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चीनी शासन के विरुद्ध विद्रोह हो गया जो 1959 तक चलता रहा। इस विद्रोह को दलाईलामा का समर्थन प्राप्त था। चीन सरकार ने कठोरता के साथ इस विद्रोह को कुचल डाला।

31 मार्च 1959 को दलाईलामा ने 8 व्यक्तियों के दल के साथ भारत में राजनीतिक शरण ली।

अभी हाल ही मे (5 जनवरी 2000) को तिब्बती धर्मगुरु करमापा ने भारत मे शरण ली, करमापा को शरण देने के विरोध मे चीन ने इसे शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धान्तो का उल्लंघन माना।

पचंशील समझौते की 8 साल की Validity थी, Validity खत्म होने के ठीक बाद चीन ने 1962 मे भारत पर आक्रमण किया जिसमे भारत को हार का मुँह देखना पड़ा।

सीमा-विवाद 1950-51 मे साम्यवादी चीन के नक्शे में भारत के बड़े भाग को चीन का अंग दिखाया गया।

17 जुलाई, 1954 को चीन ने एक पत्र द्वारा भारत पर आरोप लगाया कि भारतीय सेना ने बूजे नामक चीनी स्थान पर अवैध अधिकार कर लिया है, बूजे भारत में बड़ी-होती के नाम से प्रसिद्ध था। चीन के विरुद्ध-पत्र का उत्तर देते हुए भारत सरकार ने लिखा दिया कि

मैकमोहन रेखा पार करके भारतीय सीमा में प्रवेश किया। 20 अक्टूबर
मार्च को चीनी सेनाओं ने उत्तर-पूर्वी सीमान्त तथा लद्दाख
20 अक्टू 1962 के मोर्चे पर एक साथ बड़े पैमाने पर आक्रमण किया।

21 नवम्बर, 1962 को चीन ने एकाएक अपनी ओर से एकपक्षीय युद्ध-विराम की घोषणा कर दी।

कोलम्बो प्रस्ताव - भारत और चीन के इस युद्ध से एशिया व अफ्रीका के कुछ मित्र राज्यों ने दोनों देशों के सीमा-विवाद को हल करवाने के उद्देश्य से श्रीलंका की राजधानी कोलम्बो में 10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर, 1962 तक एक सम्मेलन किया।

चीन-पाकिस्तान - पाकिस्तान ने चीन से हाथ मिलाया और उसने कराकोरम क्षेत्र में चीन को स्थाई रूप से बसा दिया। पाक अधिकृत कश्मीर का लगभग 2,600 वर्ग मील का भू-भाग चीन को सौंप दिया।
चीन के आणविक वैज्ञानिक पाकिस्तान के लिए क्वेटा अणु संयंत्र में काम करते रहे। 16 सितम्बर, 1965 को चीनी सरकार ने भारत सरकार को अल्टीमेटम दिया।

12 फरवरी, 1979 से प्रारम्भ होने वाली अपनी चीन यात्रा को वाजपेयी ने (विदेश मन्त्री) "टोही मिशन" की संज्ञा दी थी।
चीन द्वारा 17 फरवरी, 1979 को वियतनाम पर आक्रमण किये जाने से वाजपेयी अपनी चीन यात्रा को अधूरी छोड़कर स्वदेश आ गये।

1980 में चीन की ओर से यह बात अवश्य सामने आयी थी कि लद्दाख में अक्साईचिन में चीन द्वारा छीन ली गई 37,000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर भारत चीन का अधिकार मान ले तो चीन पूर्वी क्षेत्र में मैकमहोन रेखा स्वीकार करने को तैयार है

Scanned with CamScanner

Date __/__/__
Page ______
STUDY BUDDIES

राज्य घोषित किया, तो 21 फरवरी, 1987 को चीनी विदेश मन्त्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारत की इस कार्यवाही से चीन की प्रादेशिक अखण्डता और प्रभुसत्ता का गंभीर उल्लंघन हुआ है।

1982 में प्रकाशित चीनी मानचित्र में भी उन सभी भारतीय प्रदेशों को चीनी प्रदेश बताया गया जिन पर चीन अपना निराधार दावा करता रहा है। इस क्रम में सिक्किम को भी वह भारतीय प्रदेश नहीं मानता।

अगस्त 1986 मे विदेश - राजमन्त्री के. आर. नारायणन् ने राज्यसभा को बताया कि चीन ने भारतीय क्षेत्र सुमदुरोंग चु घाटी मे एक हेलीपेड का निर्माण किया है कुछ हेलीकोप्टर यहां आकर रुके।

प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की चीन यात्रा 19-23 दिसम्बर, 1988 पिछले 34 वर्ष मे भारत के किसी प्रधानमन्त्री की यह पहली चीन यात्रा थी।
राजीव गांधी ने चीन के राष्ट्रपति यांग शानकुन, चीन के प्रधानमन्त्री लि-पेंग तथा चीन के शीर्ष नेता देंगशाओ पिंग से लम्बी बातचीत हुई।
सीधी टेलीफोन सेवा भी इस ऐतिहासिक यात्रा के अवसर पर शुरू हो गयी।

चीनी प्रधानमन्त्री ली फंग एक उच्चस्तरीय दल के साथ 11 दिसम्बर, 1991 को चीन नयी दिल्ली आये, यह भारत आने वाले प्रथम चीनी प्रधानमन्त्री थे।

तिब्बत के मसले पर, चीन के प्रधानमन्त्री ने कहा कि चीन दलाईलामा के साथ तिब्बत की स्वतन्त्रता के मसले को छोड़कर शेष सभी मसलो पर बातचीत करने को तैयार है।
वेंकटरमन पहले भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, जो चीन की यात्रा पर गये।

15-18 सितम्बर, 2000 को शंघाई में भारत एवं चीनी नौसेनाओं का पहला संयुक्त

मई 2004 मे प्रकाशित वर्ल्ड अफेयर्स ईयर बुक 2003-04 में चीन के पहली बार सिक्किम को भारत के अंग के रूप मे प्रदर्शित किया।

चीन के नए प्रधानमन्त्री ली केकियांग की 19-22 मई, 2013 तक की यात्रा के दौरान भारत तथा चीन ने 2014 में शान्तिपूर्ण - सह - अस्तित्व के पांच सिद्धान्तो (पंचशील) की 60वीं वर्षगांठ को 'मैत्रीपूर्ण विनिमय वर्ष' के रूप मे मनाया।

• भारत नेपाल सम्बन्ध → (SSH)

चीन द्वारा तिब्बत को हस्तगत कर लेने के बाद भारत - चीन सम्बन्धो मे नेपाल की सामरिक स्थिति का राजनीतिक महत्व बढ गया है। पं. नेहरू ने 17 मार्च, 1950 को कहा था, जहाँ तक कुछ एशियाई गतिविधियों का सम्बन्ध है, भारत तथा नेपाल के बीच किसी प्रकार का सैन्य समझौता नहीं है, लेकिन नेपाल पर किये आक्रमण को भारत सहन नहीं कर सकता।

भारत की नेपाल के साथ 1700 KM की सीमा है।
पारस्परिक मैत्री बनाए रखने हेतु इनके मध्य 1950 मे मैत्री सन्धि अखण्डता, स्वतन्त्रता एव सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने का उल्लेख है

वर्ष 2007 मे राजशाही की समाप्ति एव 2008 मे संविधान सभा के चुनाव के पश्चात नेपाल मे गणतन्त्र स्थापित हुआ।

1947 में नेपाल के प्रधानमन्त्री की मांग पर भारत सरकार ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनीतिज्ञ श्री श्रीप्रकाश को नेपाल भेजा जिससे नेपाल का संविधान तैयार कराने में सहायता दी जा सके। जो संविधान बन वह राजशाही की निरंकुशता का अन्त करने वाला था, अतएव उसे राजाओ ने कार्यान्वित नहीं होने दिया।

Scanned with CamScanner

1950 को नेपाल के महाराजा त्रिभुवन ने राज परिवार के 14 सदस्यों के साथ अपने राजमहल का परित्याग कर भारत में शरण ली। राणा शमशेर के विरुद्ध गृहयुद्ध शुरू हो गया।

भारत के सहयोग से ही नेपाल में राजशाही का अन्त हुआ, और नेपाल के महाराणा वास्तविक शासक बने तथा लोकतन्त्र की स्थापना हुई।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपाल की सदस्यता की वकालत की और 1955 में उसके सदस्य बन जाने पर प्रसन्नता प्रकट की।

इसके पश्चात भारत की लोकसभा में बोलते हुए नेहरू ने विदेश नीति पर एक-दूसरे से परामर्श करने की उस धारा की पुष्टि की जो भारत-नेपाल की मित्रता सन्धि (1950) में दी गयी थी।

भारत को बहकर आने वाली नदी, कोसी नदी पर नेपाली भूमि में बांध बन रखा है। कोसी नदी बांध के कारण नेपाल का भी लाभ था, और यहां भूमि भारत ने क्रय की थी, और इससे नेपाल की सार्वभौमिकता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

नेपाल की प्रार्थना पर भारतीय सेना आयोग 1951 में नेपाल की सेना को संगठित करने और प्रशिक्षण देने आया था।

1964 में कोसी योजना बनी, कोसी योजना का उद्देश्य नेपाल को बाढ़ से बचाना, बिजली पूर्ति करना एवं सिंचाई के लाभ पहुंचाना था।

1950 की मैत्री सन्धि के अनुच्छेद-7 के अनुसार इस बात पर सहमति थी कि "एक देश के नागरिकों को दूसरे देश में निवास, जायदाद की मिल्कियत, उद्योग-व्यापार में भागीदारी व घूमने-फिरने के समान अधिकार पारस्परिक आधार पर दिये जायेंगे।

नेपाल के लोगों को आई.ए.एस., आई.एफ.एस. व आई.पी.एस. को छोड़कर सभी सरकारी नौकरियां करने की छूट है।

नेपाल में भी भारतीयों को 1967 तक ऐसे ही अधिकार मिले हुए थे, इसके बाद इनके लिए वर्क-परमिट लेने की शर्त लगा दी गई।

एक नई पारगमन संधि - वाणिज्य मंत्री रामकृष्ण हेगड़े और उनके नेपाली समकक्ष पूर्ण बहादुर खड्का द्वारा 5 जनवरी, 1998 को सम्पन्न की गई। यह नई संधि जो 5 जनवरी, 2006 तक की अवधि के लिए वैध है, स्वत: ही आगामी 5 वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत हो जायेगी, जब तक कि दोनों में से कोई एक पक्ष इसे समाप्त करने मंशा का छ: महीने का नोटिस दूसरे पक्ष को नहीं दे दे।

1 फरवरी 2005 को नरेश ने नेपाल में आपातकाल लागू कर लोकतन्त्र को विध्वंस करते हुए पूर्ण राजशाही स्थापित कर दी।

नेपाल में लोकतन्त्र बहाली के लिए बढ़ते अन्तर्राष्ट्रीय दबाव और राजशाही विरोधी प्रबल जनआन्दोलन के आगे झुकते हुए राजा ज्ञानेन्द्र ने 24 अप्रैल 2006, को पुरानी संसद को बहाल किए जाने की घोषणा की।

भारत ने नेपाल की जिन परियोजनाओं के लिए सहायता दी है, उनमें -

(1) देवी घाट, त्रिशूल, करनाली, पंचेश्वर जल-विद्युत योजनाएँ,
(2) त्रिभुवन राजपथ, काठमाण्डु - त्रिशूली मार्ग, त्रिभुवन हवाई अड्डा,
(3) एक काठमाण्डु रक्सौल टेलीफोन संयन्त्र,
(4) चत्र नहर परियोजना, कोसी और गंडक परियोजना,
(5) भूवैज्ञानिक अनुसन्धान तथा खनिज खोजबीन का काम,
(6) वीरगंज और हितौंदा रेल निर्माण,
(7) काठमाण्डू घाटी के एक उपनगर पाटन में एक औद्योगिक बस्ती की स्थापना
(8)

भारत की आणविक नीति -

परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र

अमेरिका - सबसे ज्यादा एक्टिव परमाणु हथियार अमेरिका के पास है, एक अनुमान के मुताबिक 7700 परमाणु हथियार अमेरिका के पास है। इनमे से 2100 हथियार एक्टिव है।
पहली बार 1945 में अमेरिका ने इसका प्रयोग किया था
अब यह सीटीबीटी (व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध) सन्धि पर हस्ताक्षर कर चुका

रूस - सबसे ज्यादा परमाणु हथियार रूस के पास है। रूस के पास 8500 परमाणु हथियार मौजूद है, जो कि अमेरिका से भी ज्यादा है। हालांकि, एक्टिव परमाणु हथियार के मामले में रूस अभी अमेरिका से पीछे है। इसके पास 1740 एक्टिव परमाणु हथियार मौजूद है
पहली बार 1949 में न्यूक्लियर पावर का टेस्ट करने वाला देश है, इसने भी सीटीबीटी पर हस्ताक्षर किया है।

ब्रिटेन - यूके के पास कुल 225 न्यूक्लियर बम है, जिनमे से 160 सक्रिय है। पहली बार रूस ने 1952 मे इसका प्रयोग किया था
यूके भी सीटीबीटी पर सिग्नेचर करने को तैयार हो गया है।

फ्रांस - यूके के बाद फ्रांस ने न्यूक्लियर टेस्ट किया था, इसके पास 300 न्यूक्लियर हथियार है जिनमे से 290 सक्रिय है।
फ्रांस भी सीटीबीटी पर सिग्नेचर करने को तैयार हो गया है।

चीन - चीन ने पहली बार 1964 मे न्यूक्लियर टेस्ट किया था, इसके पास अभी 250 परमाणु हथियार है, हालांकि इनमे से कोई एक्टिव नही है
अमेरिका के बाद चीन दूसरा ऐसा देश है, जिसने सीटीबीटी पर सिग्नेचर किया।

भारत - भारत ने पहली बार 1974 मे परमाणु हथियारो का परीक्षण किया था। इसके पास 80 से 100 की संख्या मे परमाणु हथियार है। हालांकि, इनमे कोई भी एक्टिव नही है
भारत ने सीटीबीटी पर साइन नही किया है।

Scanned with CamScanner

पाकिस्तान – 1988 में परमाणु हथियारों का प्रयोग करने वाले पाकिस्तान के पास कुल 90 से 110 की संख्या में परमाणु हथियार मौजूद है। पाकिस्तान ने भी सीटीबीटी पर साइन नहीं किया है।

नार्थ कोरिया – नार्थ कोरिया सबसे नया देश है, जिसने यह घोषणा की है की उसके पास परमाणु शक्ति है और इसने साल 2006 में ही परमाणु परिक्षण कर लिया था और आज तक नार्थ कोरिया लगभग 3 परमाणु परिक्षण कर चूका है, और इसके पास लगभग 10 परमाणु हथियार माने जाते है।

इजराइल – यह दुनिया के सभी परमाणु सम्पन्न राष्ट्रो में सबसे छोटा राष्ट्र है जिसके पास परमाणु शक्ति मानी जाती है, इजराइल के पास करीब 80 परमाणु हथियार माने जाते है, लेकिन इजराइल ने कब परमाणु परिक्षण किए, और इसने यह शक्ति कैसे प्राप्त की यह अभी तक अज्ञात है।

ईरान – ईरान को भी दुनियाँ में अंदरूनी स्तर पर एक परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र माना जाता है लेकिन अभी तक कोई ऐसी रिपोर्ट नहीं है जिससे पता चलता है कि इसके पास कितने परमाणु हथियार है और इसने कितने परमाणु परिक्षण किये है।

इन हथियारो से वर्तमान विश्व को एक-दो बार नही, वरन पूरे एक दर्जन बार नष्ट किया जा सकता है।

परमाणु निःशस्त्रीकरण की दिशा में सन् 1968 की अणु अप्रसार सन्धि (NPT) एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जाती है, लेकिन भारत ने इस अण्वुरण (नॉन प्रोलिफरेशन) सन्धि पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है।

18 मई, 1974 को भारत ने शान्तिपूर्ण उद्देश्यो के लिए एक भूमिगत परिक्षण किया।

Date __/__/__
Page ____
STUDY BUDDIES

मॉस्को परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि - 1963 में भी भूमिगत परीक्षणों पर कोई रोक नहीं लगाई गई, और भारत ने भी इस सन्धि पर हस्ताक्षर किया था।

परमाणु अप्रसार सन्धि (NPT) - 5 मार्च, 1970 से लागू किया गया।

अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के पास नाभिकीय आयुध होने की पुष्टि कि गई थी। यह परमाणु अप्रसार सन्धि परमाणु शक्तियों के मुकाबले गैर- परमाणु देशों के साथ भेदभाव पर आधारित है, क्योंकि परमाणु अप्रसार सन्धि भावी हथियारों पर ही रोक लगाती है।

1968 की सन्धि (NPT) को 1970 में लागू किया गया था, संविधान के प्रावधान के अनुसार 25 वर्ष बाद इसकी समीक्षा होनी थी, अत: 17 अप्रैल 1995 से न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में लगभग चार सप्ताह का एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में 178 देशों ने भाग लिया, सम्मेलन के निर्णयानुसार सन्धि को अनिश्चितकाल के लिए आगे लागू कर दिया।

1996 की सी.टी.बी.टी. पर भारत द्वारा हस्ताक्षर से इन्कार

(C.T.B.T.) अर्थात व्यापक परमाणु परीक्षण रोक सन्धि पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इंकार कर दिया। 20 जून 1996 को इस आशय का एक ठोस वक्तव्य दिया कि भारत व्यापक परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि को इसके वर्तमान रूप में स्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि इसमें सार्वभौमिक नाभिकीय निरस्त्रीकरण की दिशा में एक उपाय के रूप में विचार नहीं किया गया है और यह भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भी नहीं है।

जेनेवा में निःशस्त्रीकरण के बारे में चल रहे 61 देशों के सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल की नेता अरुन्धती घोष ने स्पष्ट कहा कि "भारत ऐसी सीटीबीटी पर न अभी, न ही बाद में हस्ताक्षर करेगा।

सी॰टी॰बी॰टी॰ को लागू करने की यह बात है कि यह तभी लागू होगी जब भारत सहित अन्य 44 देश इसका अनुसमर्थन कर देंगे।

Date __/__/__
Page ____
STUDY BUDDIES

भारत ने 11 एवं 13 मई, 1998 को राजस्थान के पोखरण क्षेत्र में कुल मिलाकर पांच परमाणु बमों का सफल भूमिगत परीक्षण करके देशवासियों को नया सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया।
भारत द्वारा 11 मई को तीन प्रकार के परमाणु परीक्षण किए गए थे—
(1) थर्मोन्यूक्लियर, (2) फीजन परीक्षण, (3) लो-यील्ड परीक्षण।

प्रधानमन्त्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अब्दुल कलाम के अनुसार पोखरण में किए गए पांच परमाणु परीक्षणों से भारत ने कम्प्यूटर डिजाइनों के माध्यम से ही नए आणविक अस्त्रों का डिजाइन तैयार करने की क्षमता का विकास कर लिया है।

भारत ने प्रतिरक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपनी पहली सामरिक परमाणु व मिसाइल कमान प्राधिकरण का 4 जनवरी, 2003 को गठन किया। इस प्राधिकरण में राजनीतिक परिषद व कार्यकारी परिषद शामिल हैं, राजनीतिक परिषद के प्रमुख प्रधानमन्त्री होंगे, तथा प्रमुख हथियारों के इस्तेमाल सम्बन्धी अधिकार केवल इसी परिषद के पास होंगे।
वस्तुतः परमाणु बटन अब प्रधानमन्त्री के हाथ में है।
4 जनवरी, 2003 को प्रधानमन्त्री वाजपेयी की अध्यक्षता में मन्त्रिमण्डलीय सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि परमाणु तथा सामरिक बलों के प्रबन्धन एवं प्रशासन के लिए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की स्वीकृति।

परमाणु सिद्धान्त में कहा गया कि राजनीतिक नेतृत्व ही परमाणु कमान प्राधिकरण के माध्यम से जवाबी परमाणु हमलों के लिए अधिकृत कर सकेगा।
परमाणु कमान परिषद की कार्यकारी परिषद की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करेंगे।

IV/SHM

IV/SHM

भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका—
नेहरू युग में भारत-अमरीकी सम्बन्धों की नींव पड़ी। नेहरू के बारे में आइजनहॉवर ने भी लिखा था—"पंडित नेहरू का व्यक्तित्व दुर्बोध व उपनिवेशवादी है।

Scanned with CamScanner

पं० नेहरू के जीवनी लेखक डॉ. एस. गोपाल ने सन 1949 मे नेहरू द्वारा की गई अमरीकी यात्रा के उपरान्त उनकी मनोदशा को व्यक्त करते हुए उसे उद्धृत किया है - "उन्होंने हर तरह मेरा स्वागत किया मगर वे मुझसे कृतज्ञता और सद्भाव से अधिक "कुछ" चाहते हैं. और यह कुछ मैं उन्हें नहीं दे सकता था।

जॉन फॉस्टर डलेस" ने स्पष्ट कहा कि जो हमारे साथ नहीं वह हमारे विरुद्ध है।

अब भारत कि गुटनिरपेक्षता की नीति की वजह से अमेरिका को भारत एक जबर्दस्त प्रतिरोधी के रूप मे नजर आने लगा जो अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे अमेरिका से टक्कर लेने लगा था। तात्कालिक उपराष्ट्रपति निक्सन ने पाकिस्तान को सैनिक सहायता देने के लिए इसी बुनियाद पर जोरदार सिफारिश की थी कि उससे जवाहरलाल नेहरू के भारत के सुदृढ़ तटस्थतावाद का मुकाबला हो सके।

1940 के दशक की राजनीतिक सैन्य परिस्थितियों ने पश्चिमी गोलार्द्ध के तत्कालीन 21 स्वतन्त्र राज्यों को 1947 मे एक औपचारिक पारस्परिक रक्षा सन्धि, "अन्तर-अमेरिकी पारस्परिक सहायता सन्धि (रियो सन्धि) के नाम से ज्ञात - पर सहमत होने के लिए प्रेरित किया।

1947 मैं भारत ने कश्मीर विवाद संयुक्त राष्ट्र संघ के समाधान के लिए प्रस्तुत किया तो अमरीका ने भारत के विरुद्ध पाकिस्तान का समर्थन किया। अमरीका ने कश्मीर समस्या की तुलना जूनागढ़ से कर इसे हिन्दू-मुस्लिम संघर्ष कहकर और भी उलझन मे डाल दिया।

1949 में चीन मे साम्यवादी क्रान्ति हो गई, दिसम्बर 1949 को पं० नेहरू ने अपनी असंलग्नता की नीति और स्वतन्त्र निर्णय लेने की क्षमता का परिचय देते हुए साम्यवादी चीन को मान्यता प्रदान कर दी।

भारत और अमेरिका के बीच सम्बन्धों मैं सर्द, 1965 में उस समय अत्यधिक कटुता उत्पन्न हो गई, जब अमरीका ने पाकिस्तान के साथ एक सैनिक समझौता करके उसे बहुत अधिक मात्रा में सैन्य-सामग्री देना शुरू कर दिया, 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्धों मे भारत के ~~विरुद्ध~~ विरुद्ध अमरीका द्वारा प्रदत्त इन शस्त्रास्त्रों का प्रयोग किया गया। 1954 मे पाकिस्तान को सीटो और सेन्टो जैसे प्रादेशिक सैनिक संगठनों का सदस्य भी बना लिया

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

1961 मे गोवा के मामले पर भी दोनो देशों के सम्बन्धो मे विकृति आयी। भारत के लिए गोवा को पुर्तगाली उपनिवेशवाद से मुक्त कराना उसके एकीकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्व का प्रश्न था। इस विषय में मे अमरीका का दृष्टिकोण भारत के विरुद्ध था, क्योंकि पुर्तगाल नाटो का सदस्य था।

19 दिसम्बर, 1961 को पुर्तगाल स्वतः से गोवा को स्वतन्त्रता मिल गई।

7 दिसम्बर, 1964 को भारत व अमेरिका के मध्य समझौता हुआ, जिसके अन्तर्गत (नई दिल्ली) अमेरिका ने भारत को तारापुर में आणविक शक्ति का संयन्त्र स्थापित करने के लिए 8 करोड़ डॉलर दिये

1964-1965 मे अमरीका ने उत्तरी वियतनाम पर भारी बम वर्षा की। भारत ने धुटनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करते हुए इसकी कटु आलोचना की. इस आलोचना का अमेरिका ने तीव्र प्रतिरोध हुआ, इसका स्पष्ट प्रमाण था, 1965 मे शास्त्री को दिया गया अमेरिकी निमन्त्रण आमन्त्रण वापस लेना।

10 जनवरी, 1966 को लाल बहादुर शास्त्री के देहान्त के बाद श्रीमती गांधी भारत की प्रधानमन्त्री बनी।

अप्रैल 1967 मे नगा विद्रोही फौजो को अमेरिका मे आश्रय दिया गया, और मे यह रहस्य पता चला कि भारत में अनेक संगठनो के माध्यम से सी. आई. ए. भारत विरोधी कार्यवाही मे संलग्न है।

पश्चिमी एशिया संघर्ष (1967) तथा वियतनाम युद्ध (1969-70) ने विस्तृत व्यापक अन्तर उभर कर आया।

1970 में भारत ने उत्तरी वियतनाम (हनोई) के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित कर लिये जबकि दक्षिण वियतनाम (सैगान) के विषय मे ऐसा निर्णय नही लिया।

भारत स्थित अमरीकन सूचना केन्द्र के एक प्रकाशन "संयुक्त राष्ट्र के बीस वर्ष (United Nations at 20) मे भारत का क्षेत्रफल 30,46,232 वर्ग किलोमीटर बताया गया था इस क्षेत्रफल मे जम्मू एवं कश्मीर का भाग सम्मिलित नही किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी वार्षिक पत्रिका, 1965 (U.N. Statisical Year Book, 1965

Date __/__/__
Page ____
STUDY BUDDIES

मे भी ऐसा ही प्रकाशित किया गया था।

भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार भारत का क्षेत्रफल 1 जनवरी 1966 को 32,68,090 वर्ग किलोमीटर था।

25 मार्च 1971 को पाकिस्तान की याह्याखां सरकार ने पाकिस्तानी आतंक से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान कि जनता पर खुलेआम अत्याचार करना शुरू कर दिया।

1969 में अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन बने।

बांग्लादेश संकट 1971 के समय हेनरी किसिंजर ने अमेरिका स्थित भारतीय राजदूत मे एल. के. झा को स्पष्ट रूप से बताया कि यदि चीन ने इस्लामाबाद की तरफ से किसी भी भारत - पाक युद्ध मे हस्तक्षेप किया तो भारत को अमरीका से सहायता की तनिक भी आशा नहीं रखनी चाहिए।

डियागो गार्शिया में अमरीकी अड्डा – डियागो गार्शिया हिन्द महासागर मे एक छोटा सा टापू है जो कि ब्रिटेन के अधिकार में था बाद मे इसे अमरीका ने खरीद लिया, 1974 मे अमरीका ने इस पर अपना एक अत्यधिक आधुनिक नौ-सैनिक अड्डा बनाने का निश्चय किया।

मई 1974 मे भारत ने पोखरण मे आणविक परिक्षण कर अपना नाम अणु- शक्ति सम्पन्न राष्ट्रो की श्रेणी में लिखा दिया

जनवरी 1973 मे प्रसिद्ध बुद्धिजीवी डेनियल पैट्रिक मोयनिहन को भारत में अमरीकी राजदूत नियुक्त किया गया। इसी समय 18 फरवरी 1974 को पी.एल. 480 की जो अमरीकी धनराशि भारत मे बकाया थी उसके सम्बन्ध मे समझौता करते हुए अमरीका ने भारत को 1,664 करोड़ रुपये कि धनराशि अनुदान के रूप मे दे दी।

जून 1980 में अमरीकी राष्ट्रपति कार्टर ने तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए समृद्ध यूरेनियम की आपूर्ति करने के सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये किन्तु, अमरीकी सीनेट, प्रतिनिधि सभा की विदेश सम्बन्ध समितियो ने भारत को 38 टन यूरेनियम देने से इन्कार कर दिया, यह कार्यवाही अमरीका व भारत के बीच 1963 मे हुई सन्धि के विपरीत थी।

Scanned with CamScanner

शस्त्रास्त्र कि आपूर्ति के लिए भारत ने फ्रांसीसी मिराज, जर्मन पनडुब्बीयें, तथा ब्रिटिश जगुआर का सौदा करके यह स्पष्ट कर दिया कि भारत किसी एक ही देश की सैन्य सहायता पर निर्भर नही है।

जून 1978 मे प्रधानमन्त्री तथा विदेश मन्त्री वाजपेयी ने अमरीका की यात्रा की। दोनो नेताओ ने अमरीकी जनता को यह बताने का प्रयत्न किया ~~कि यह सन्धि भेदभाव पूर्ण है,~~
कि भारत की परमाणु नीति शान्तिपूर्ण है, किन्तु इसका यह मतलब नही कि वह परमाणु अप्रसार सन्धि पर हस्ताक्षर करेगा।
मोरारजी ने एक दुरदर्शन भेंट वार्ता मे कहा- "यह सन्धि भेदभाव पूर्ण है तथा हमारे आत्मसम्मान के विरुद्ध है।

अमरीकी प्रशासन ने भारत को तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रो मे सैनिक तकनीक जारी करने का निर्णय लिया। इस प्रकार जारी की ...

संयुक्त राष्ट्र संघ में लोकर्बी एवं टैनेर विमान विस्फोट के लिए जिम्मेदार लीबियाई आरोपियों को सौंपने के अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन के प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया

रूसी अन्तरिक्ष एजेन्सी (ग्लेव कास्मास)
भारतीय अन्तरिक्ष एजेन्सी (इसरो)

क्लिंटन प्रशासन ने भारत के कड़े विरोध एवं आपत्तियों के बावजूद भी ब्राउन संशोधन कानून 1996 के अन्तर्गत पाकिस्तान को 368 मिलियन अमरीकी डॉलर के अत्याधुनिकतम हथियार, जैसे ओरियन विमान (टोह लेने वाले), हारपून प्रक्षेपास्त्र एवं एफ-16 के कलपुर्जों का हस्तान्तरण किया था, जो निश्चित रूप से भारत की प्रतिरक्षा के विरुद्ध था

अमरीका ने विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलन (1996) में भारत पर अपने पैटेन्ट अधिनियम (1970) को डब्ल्यू. टी. ओ. के प्रावधानों के अन्तर्गत शीघ्रातिशीघ्र संशोधित करने के लिए दबाव डाला।
यदि भारत द्वारा ऐसा नही किया जाता है, तो वह मिकी केन्टोर को 1995 की रिपोर्ट के अन्तर्गत भारत के खिलाफ - 3 सुपर - 301 एवं स्पेशल - 301 के अन्तर्गत कार्यवाही करने की भी धमकी देने लगा।

इन्द्रकुमार गुजराल के प्रधानमन्त्री बनने के बाद जून 1997 में भारत व अमरीका के बीच एक महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण सन्धि पर हस्ताक्षर हुए। इस सन्धि के तहत दोनों ही देश एक-दूसरे द्वारा वांछित ऐसे भगोड़े अभियुक्तों व अपराधियों का प्रत्यर्पण करने पर सहमत हुए जो एक वर्ष से अधिक की सजा के पात्र हो, चाहे उनकी नागरिकता कोई भी हो।

22 वर्षों बाद किसी राष्ट्रपति ने 21 मार्च, 2000 से 5 दिवसीय भारत की यात्रा की अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत की औपचारिक शुरुआत के पहले

Scanned with CamScanner

गया।
अप्रैल 2001 में भारत के विदेश मन्त्री जसवंत सिंह ने वाशिंगटन में राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से भेंट की। इसके बाद जसवंत सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सी. राइस और विदेश मन्त्री कौलिन पॉवेल से वार्ता की राष्ट्रपति बुश राजनयिक औपचारिकताओं को दरकिनार करते हुए व्हाइट हाउस के उस कक्ष में पहुंच गये जहां उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भारतीय विदेश मन्त्री के साथ बातचीत कर रहे थे
उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम से परे भारतीय मेहमान को अपने ओवल कार्यालय में मुलाकात के लिए आमन्त्रित किया। इससे पहले हाल के वर्षों में अमरीका के किसी भी राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल में अपने से नीचे के किसी भी राजनयिक को विचार विमर्श के लिए अपने ओवल कार्यालय में आमन्त्रित नहीं किया था।

भारत ने राष्ट्रपति बुश की (नयी अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा व्यवस्था) (N.M.D.) का खुला समर्थन किया।

भारत - अमरीकी परामर्शों ने 27 नवम्बर से 5 दिसम्बर, 2001 तक बोन में अफगानी ग्रुपों की बैठक में उनके बीच समाधान के रूप देने में भी सहायता की जिससे अफगानिस्तान में अन्तरिम प्रशासन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।
अमरीका ने 1 अक्टूबर, ~~2001~~ 2001 को श्रीनगर विधानसभा भवन पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की।

Date __/__/__
Page ____
STUDY BUDDIES

13 दिसम्बर ~~1999~~ 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले।

अप्रैल 2005 में मनमोहन सिंह के काल में भारतीय विदेश मन्त्री नटवरसिंह अमरीका यात्रा पर गए। 14 अप्रैल 2005 को भारत ने अमेरिका के साथ ऐतिहासिक हवाई सेवा समझौता किया जिससे दोनों देशों के बीच उड़ान सम्बन्धी सभी अड़चनें दूर हो गई।

28 जून 2005 को भारत व अमेरिका ने एक नए रक्षा सहयोग समझौते पर वाशिंगटन में हस्ताक्षर किये। "न्यू फ्रेमवर्क फॉर दि यू.एस.-इण्डिया (डिफेन्स) रिलेशनशिप" शीर्षक वाले इस समझौते में दोनों देशों के मध्य अगले 10 वर्षों के लिए सुरक्षा सहयोग की रूपरेखा निर्धारित की गई।

प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की अमरीका यात्रा (18-20 जुलाई, 2005) के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई शिखर वार्ता में अमरीका ने भारत को विश्व मंच पर आर्थिक, सामरिक व बौद्धिक सम्पदा के क्षेत्र में एक उभरती शक्ति के रूप में मान्यता देते हुए, 18 जुलाई, 2005 को भारत-अमरीका के द्वारा जारी साझा बयान में महत्वपूर्ण आण्विक नाभिकीय ऊर्जा समझौता था।

1 से 3 मार्च, 2006 को अपने देश के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल के साथ अमरीका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश भारत की यात्रा पर रहे, प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के बाद जारी संयुक्त-घोषणा-पत्र में भारत ने अपने सैन्य व असैन्य उपयोग वाले परमाणु संयन्त्रों को अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (IAEA) की निगरानी के अधीन लाने को सहमत हुआ। इससे असैन्य परमाणु संयन्त्र के लिए अमरीका के साथ-साथ "नाभिकीय आपूर्ति समूह" का सहयोग भारत को प्राप्त हो सकेगा।

इस सहमति के अन्तर्गत भारत अपने कुल 22 मौजूदा परमाणु संयन्त्रों में से 14 को अन्तर्राष्ट्रीय निगरानी के अधीन लगाकर कोई भी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर निगरानी में नहीं लाया जाएगा तथा भविष्य में स्थापित होने वाले किसी रिएक्टर की श्रेणी (सैन्य अथवा असैन्य) तय करने का अधिकार भारत का होगा।

Scanned with CamScanner

Date ___/___/___
Page ___
STUDY BUDDIES

राष्ट्रपति बुश के भारत के लिए शब्द – "हमारे सम्बन्ध मौलिक रूप से बदल गये हैं..... हमारे बीच अब रणनीतिक साझेदारी है।

6-8 नवम्बर, 2010 को अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा भारत की यात्रा पर रहे। राष्ट्रपति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन व भारत डायनेमिक्स लि. पर से प्रतिबन्ध हटाने की घोषणा की। इन्होंने 45 सदस्यीय नाभिकीय आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की पूर्ण सदस्यता के लिए अमरीकी समर्थन की घोषणा भी की।

साइबर परामर्श ढांचे के अन्तर्गत 4 जून, 2012 को वाशिंगटन में साइबर सुरक्षा सहयोग बढ़ाया गया। भारत एवं संयुक्त राज्य के कम्प्यूटर आपात कालीन अनुक्रिया दल (सीईआरटी) ने साइबर सुरक्षा विषयक चुनौतियों के सम्बन्ध में परस्पर अन्तः क्रिया तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान जारी रखा।

अधिकाधिक रक्षा व्यापार, संयुक्त सैनिक अभ्यासों, कार्मिकों के विनिमय, प्रौद्योगिकी अन्तरण तथा समुद्री सुरक्षा एवं समुद्री डकैती के विरुद्ध संघर्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के द्वारा रक्षा सहयोग में वृद्धि की गई।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 26 से 30 सितम्बर, 2013 तक संयुक्त राज्य अमरीका की यात्रा की और राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ – तृतीय शिखर सम्मेलन स्तरीय बैठक में बातचीत की।
इस शिखर बैठक में लिए गये मुख्य निर्णयों में सह-विकास और सह-निर्माण के सम्बन्ध में द्विपक्षीय रक्षा सम्बन्धों का विस्तार, हिन्द महासागर क्षेत्र को शामिल करने के लिए रणनीतिक परामर्श में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में संयुक्त कार्य समूह गठित करना और एच. एफ. सी. के उपयोग को कम करना तथा द्विपक्षीय निवेश सन्धि के परिणाम को गति प्रदान करना शामिल है।
असैनिक परमाणु सहयोग – भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुजरात में परमाणु विद्युत संयन्त्र विकसित करने के लिए सितम्बर 2013 में भारतीय (N.P.C.I.L.) परमाणु विद्युत निगम लिमिटेड (एन.पी.सी.आई.एल) और वेस्टिंग हाउस के मध्य द्विपक्षीय नागरिक परमाणु सहयोग के वाणिज्यिक कार्यान्वयन के सम्बन्ध में संविदा पर हस्ताक्षर किये हैं।

Scanned with CamScanner

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26-30 सितम्बर, 2014 तक अमरीका की यात्रा की। नरेन्द्र मोदी और बराक ओबामा ने पहली शिखर स्तरीय बैठक, में भारत - अमरीकी द्विपक्षीय सम्बन्धों को अच्छा करने, असैन्य परमाणु करार को लागू करने में आ रही बाधाओं को दूर करने, आतंकवाद से लड़ने मे सहयोग, आर्थिक सहयोग, व्यापार व निवेश सहित व्यापक मुद्दे चर्चा का विषय रहे।
मोदी ने अमरीका मे भारतीय सेवा क्षेत्र की पहुंच को सुगम बनाने की मांग की। मोदी ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार समझौते का मुद्दा भी उठाया, मोदी ने ओबामा से कहा, भारत व्यापार का समर्थन करता है, लेकिन देश की खाद्य सुरक्षा की कीमत पर नहीं। भारत की खाद्य समस्या के परिप्रेक्ष्य मे सब्सिडी जैसी इस मुद्दे का हल भी निकालना चाहिये।
बीते दिनों भारत ने खाद्य सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए ही (W.T.O.) मे व्यापार समझौते मे हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

अजमेर को स्मार्ट बनाएगा अमेरिका - मोदी की स्मार्ट सिटी योजना के लिए अमरीकी कम्पनियां सहयोग करेंगी। दोनो की बातचीत के बाद कहा गया कि अजमेर, इलाहबाद, विजाग को स्मार्ट सिटी बनाने में अमरीका प्रमुख भागीदार होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के निर्माण मे भी वह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

अप्रैल से दिसम्बर 2014 की अवधि के दौरान अमरीका भारतीय माल के सम्बन्ध मे द्वितीय सबसे बड़ा व्यापार भागीदार बन गया।
अमरीका 1998-99 मे भारत का सबसे बड़ा भागीदार था, जब कुल व्यापार में उसका हिस्सा धीरे-धीरे गिरते हुए 2009 से 2013 के बीच 8 प्रतिशत से भी नीचे पहुंच गया, और 2013-14 के दौरान ही इसमे कुछ सुधार हुआ तो यह 8 प्रतिशत पर वापस आया।
दूसरी ओर चीन की हिस्सेदारी भारत के साथ व्यापार मे इसी अवधी मे 2 से बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई।

Scanned with CamScanner

संयुक्त राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रति भारत के अटूट विश्वास को व्याख्या करते हुए सन 1946 में "जवाहरलाल नेहरू" ने कहा - संयुक्त राष्ट्र के "घोषणा पत्र" के प्रति भारत का दृष्टिकोण हृदय तथा कार्य से पूर्ण सहयोग एवं बिना संकोचपूर्ण समर्थन का है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारत उसकी सभी गतिविधियों में भाग लेगा, जिससे उसकी भौगोलिक स्थिति, आबादी और शान्तिपूर्ण उन्नति में सहयोग मिल सके।

संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्य एवं सिद्धान्त भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य एवं सिद्धान्तों के अनुकूल -

(नीति-निर्देशक सिद्धान्त) भारत के संविधान के अनुच्छेद - 51 में कहा गया है कि राज्य (1) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा की अभिवृद्धि का, (2) राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखने का (3) संगठित लोगों के एक दूसरे से व्यवहारों में अन्तर्राष्ट्रीय विधि और संधि-बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का

(4) अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटाने के लिए प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगा।

इसी कारण भारत अपनी पहली अन्तर्राष्ट्रीय समस्या - कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र के समक्ष ले गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न अंगों में भारत की भूमिका - और भारत के लोग - भारत 1950-51, 1965-66, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 वर्षों में सुरक्षा-परिषद का सदस्य बना।

Scanned with CamScanner

Date __/__/__
Page ______
STUDY BUDDIES

संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महत्वपूर्ण अंग आर्थिक, सामाजिक, परिषद् में भारत 2006 के लिए 7वीं बार सदस्य चुना गया।

भारत संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की अधिशासी परिषद्, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग, तथा संयुक्त राष्ट्र नारकोटिक औषध द्रव्य के लिए पुनः निर्वाचित हुआ।

सन 1958 में पश्चिम अफ्रीका में जो निरीक्षक मण्डल भेजा गया, भारत उसका एक महत्वपूर्ण सदस्य था। भारत यूनेस्को के संस्थापक सदस्यों में से एक है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, खाद्य एवं कृषि संगठन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन में भारत ने सक्रिय भूमिका निभाई है।

संयुक्त राष्ट्र बाल - आपात कोष का प्रादेशिक कार्यालय भारत में है।

मार्च 1968 में नई दिल्ली में द्वितीय अंकटाड सम्मेलन आयोजित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक का भारत संस्थापक सदस्य है। स्थापना के समय इसकी पूंजी में भारत का 5वां सबसे बड़ा भाग है।

भारत को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 49वें सत्र के उपाध्यक्ष के रूप में तथा स्थाई विकास आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में भी निर्वाचित किया गया है।

श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें अधिवेशन की अध्यक्षा निर्वाचित हुई। डॉ. राधाकृष्णन और मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनेस्को के प्रधान रह चुके हैं। श्रीमती अमृत कौर विश्व स्वास्थ्य संगठन की, डॉ. बी. आर. सेन - विश्व खाद्य व कृषि संस्था के प्रधान रह चुके हैं। जगजीवन राम अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के 33वें अधिवेशन के और डॉ. एच. जे. भाभा 1955 में अणुशक्ति के शान्तिमय उपयोग के लिए गठित कमीशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। डॉ. चिन्तामणि देशमुख अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के डॉ. पी. एन. कृपाल यूनेस्को के कार्यकारी मण्डल के अध्यक्ष रहे हैं। डॉ. चिन्तामणि मेजर जनरल रिखी महासचिव के सैनिक सलाहकार, जनरल थिमैया साइप्रस में और मेजर जनरल ज्ञानी गाज़ा में शान्ति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सेना के कमाण्डर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर चुके हैं। डॉ. नगेन्द्र सिंह अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के मुख्य न्यायधीश रह चुके और श्री आर. एस. पाठक न्यायधीश पद पर कार्यरत हैं। श्री निवास को मई 1990 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया। महिला और बाल विकास विभाग की सचिव कुमारी मीरा सेठ को जून में यूनीसेफ कार्यकारी बोर्ड का प्रथम उपाध्यक्ष चुना गया।

Scanned with CamScanner

14 नवम्बर, 1991 को डॉ॰ पी॰ एस॰ राव अन्तर्राष्ट्रीय विधि आयोग के सदस्य पुनः निर्वाचीत हुए। उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र कानून न्यायाधिकरण के न्यायधीश के रूप में 1999 से 2008 तक की अवधि के लिए फिर से चुन लिया गया। न्यायमूर्ति पी॰एन॰ भगवती को 1999-2002 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति मे चुना गया। न्यूयर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि श्री प्रकाश शाह को 3 मार्च 1998 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इराक के सम्बन्ध मे अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया।

वर्ष 2000 से 2004 तक की अवधि के वी॰ के शुंगलू, अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा संगठन के बाह्य लेखा परीक्षक चुने गए।

3 मार्च, 2006 को महासचिव कोफी अन्नान ने भारत के विजय नाम्बियार को अपना विशेष परामर्शदाता नियुक्त कर 'अण्डर सक्रेटरी जनरल' का दर्जा प्रदान किया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक शशिकान्त शर्मा को जुलाई 2014 से छः वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक बोर्ड मे चुन लिया गया। भारत की उम्मीदवार डॉ॰ पूनम खेत्रपाल सिंह को 12 सितम्बर, 2013 को

Date
Page
STUDY BUDDIES

27 सितम्बर, 2014 को महासभा के अपने सम्बोधन में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए संयुक्त राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने में भारत के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक सहायता एवं तकनीकी सहयोग कार्यक्रमो में भारत का योगदान –

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद तथा अन्य संस्थाओ के अध्यक्ष से भारत अर्द्धविकसीत राष्ट्रो के विकास की समस्याओ पर आर्थिक एवं सामाजिक परिषद का ध्यान आकर्षित करता रहा है।

परिषद के आधार पर हि थोड़े समय मे अनेक विश्व संस्थाओ का गठन हुआ – खाद्य तथा कृषि संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन, इसके अतिरिक्त अन्य एजेन्सियाँ – संयुक्त राष्ट्र विशेष निधि, पुनर्निर्माण तथा विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक, संयुक्त राष्ट्र बाल संकट काल निधि, विश्व खाद्य कार्यक्रम, ये सभी संयुक्त राष्ट्र के विशाल कार्यक्रमो मे आती है।

भारत को कृषि अर्थतन्त्र के निर्माण में खाद्य एवं कृषि संगठन से तकनीकी सहायता मिली है

भारत युनेस्को का संस्थापक सदस्य –

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का सदस्य

इस संगठन की प्रशासनिक संस्था में भारत एक स्थायी सदस्य है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 48 वें अधिवेशन में इस आशय का एक प्रस्ताव की "आतंकवाद मानवाधिकारो के रास्ते का एक रोड़ा है" सर्वसम्मति से पारित हुआ जिसे दूसरे देशो के साथ मिलकर भारत ने पेश किया था, और वर्ष 1993-94 के दौरान भारतीय राजनय की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 का स्वागत किया है जिसे 28 सितम्बर, 2001 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमरीका पर हुए आतंकवादी हमले की निन्दा करने संबंधी संकल्प के रूप मे पारित किया।

Date / /
Page
STUDY BUDDIES

संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना कार्यों मे भारत का योगदान –

25 जून,

कोरिया समस्या के समाधान मे भारत का योगदान - 25, जून, 1950 को संयुक्त राष्ट्र को सूचना दी गई कि उत्तरी कोरिया ने दक्षिण कोरिया के गणराज्य पर आक्रमण किया है।
सुरक्षा परिषद् मे युद्ध - विराम की मांग की, परन्तु - दो - तीन तक युद्ध चलते रहने पर परिषद् ने सिफारिश की कि संघ के सदस्यगण कोरियाई गणराज्य को सशस्त्र आक्रमण का मुकाबला करने मे सहायता दे
27 जून, 1950 को संघ ने यह घोषणा की कि उसने अपनी जल, थल, वायु सेना को दक्षिणी कोरियाई की सहायता के लिए आज्ञा दे दी है।

उत्तरी कोरिया को आक्रमणकारी घोषित करने के बाद भी भारत ने सैनिक कार्यवाही में भाग नही लिया। भारत ने युद्ध मे तटस्थता की नीति का अनुसरण करते हुए शान्ति की स्थापना में मध्यस्थता के लिए भी प्रयास किया।
उसने संयुक्त राष्ट्र की सेनाओ द्वारा 38वीं समानान्तर रेखा को पार किये

Scanned with CamScanner

हिन्द चीन की समस्या और भारत -

द्वितीय महायुद्ध से पूर्व हिन्द चीन पर फ्रांस का अधिकार था, परन्तु युद्ध मे इसे जापान ने जीत लिया। जापान के आत्म समर्पण के समय हिन्द चीन के उत्तरी भाग पर राष्ट्रवादी चीन ने तथा दक्षिण भाग पर ब्रिटेन ने अधिकार कर लिया। फ्रांस ने यह दक्षिण भाग पर ब्रिटेन ने अधिकार कर लिया।

फ्रांस ने दक्षिण भाग ब्रिटेन से प्राप्त कर लिया। वियतनाम मे स्वाधीनता प्राप्ति के लिए वियतमिन्ह नामक संस्था की स्थापना हुई, जिसने फ्रांस से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष आरम्भ कर दिया।

1949 मे साम्यवादी चीन से सहयोग प्राप्त कर वियतमिन्ह सेना ने फ्रांस से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष शुरू कर दिया।

25 अप्रैल 1954 को भारत के प्रधानमन्त्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने हिन्दचीन की समस्या के शान्तिपूर्ण समाधान के लिए के विचार हेतु महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

26 अप्रैल 1954 से 27 जुलाई 1954 तक जेनेवा सम्मेलन चला। अमरीका की अनिच्छा के कारण भारत इस सम्मेलन का सदस्य नहीं बनाया गया। अतएव आमन्त्रित न होते हुए भी भारत सरकार ने वी. के. कृष्णामेनन को सम्मेलन की गतिविधि पर दृष्टि रखने एवं सम्मेलन के बाहर रहकर शान्ति प्रयासो में सहायता देने की दृष्टि से जेनेवा भेजा। फ्रांस के एक राजनीतिज्ञ ने कृष्णामेनन को जोड़ने वाली जंजीर कहा।

21 जुलाई 1954 को जेनेवा सम्मेलन मे साम्यवादी चीन की उपस्थिति मे युद्ध-विराम समझौते पर हस्ताक्षर हो गये, जिसके उपरान्त हिन्द-चीन की राजनीतिक समस्याओं का समाधान करने के लिए तीन सदस्यों का एक अन्तर्राष्ट्रीय आयोग निर्मित किया गया, जिसकी अध्यक्षता भारत को स्वीकार करनी पड़ी।

कुवैत समस्या - 2 अगस्त 1990 को कुवैत पर इराक के हमले के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ मे खाड़ी संकट का मुद्दा छाया रहा।

कम्बोडिया - कम्बोडिया के मसले के सम्बन्ध मे की गई पहलकदमियो की परिणति 23 अक्टूबर 1991 को पेरिस मे एक व्यापक शान्ति समझौते में हुई।

Scanned with CamScanner

सेना में अपने सैनिक, ... सयुंक्त राष्ट्र अंगोला पर्यवेक्षक
समय आपातकालिन सेना मे अपने सैनिक, मोजाम्बिक,
सोमालिया मे भी सैनिक भेजे। मोजाम्बिक, सयुंक्त राष्ट्र इराक (कुवैत) पर्यवेक्षक मिशन और लाइबेरिया
मिशन, जुलाई, 1995, सयुक्त राष्ट्र इराक, (कुवैत) पर्यवेक्षक मिशन और लाइबेरिया, बोस्निया व हर्जेगोविना में भारतीय फ़ौज
सयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक मिशन, बोस्निया व हर्जेगोविना, सयुक्त राष्ट्र हैती सहायता
पर्यवेक्षक, सयुक्त राष्ट्र रवांडा सहायता मिशन, सयुक्त राष्ट्र हैती सहायता
मिशन, ॥
नवम्बर 1998 मे दक्षिणी लेबनान में भारतीय इन्फेन्ट्री बटालियन के शामिल
हो जाने से भारत सयुंक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना में दूसरा सबसे बड़ा सैनिक
सहायता देने वाला देश बन गया है।
मार्च, 2000 मे उपद्रवग्रस्त पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र सियरा लियोन में शान्ति
स्थापना में सेना वी. एस. सिवाच के नेतृत्व में शामिल हुआ।
सयुंक्त राष्ट्र के प्रारम्भ से किये गये 63 शान्तिरक्षण अभियानो में से
43 मे 100,000 से अधिक भारतीय सैन्य दल, सैन्य पर्यवेक्षक, और
असैनिक पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया है।

सयुंक्त राष्ट्र संघ की निधि में भारत का आर्थिक अंशदान - आज भारत
सयुक्त राष्ट्र संघ के 58 सदस्यों में से एक है, जिसने उसके व्यय के
लिए अपने हिस्से का सम्पूर्ण बकाया अंशदान चुकता कर दिया है
अंशदान चुकता करने वाले देशो में भारत 37 वे स्थान पर है, जबकि
संयुक्त राज्य अमेरिका की गणना अंशदान अदा न करने वाले राष्ट्रों की
श्रेणी में आती है।

सयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन मे भारत के प्रधानमंत्री श्री
वाजपेयी का सम्बोधन - 21 वी सदी में सयुंक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर
विचार करने के लिए 6-8 सितम्बर, 2000 को सम्पन्न संयुक्त राष्ट्र
सहस्त्राब्दि सम्मेलन को सम्बोधित किया।

Scanned with CamScanner

M.A. IV th SAM. Political science

Scanned with CamScanner